हर व्यक्ति को अपने स्तर पर समाज की उन्नति और कल्याण के प्रयास करने चाहिए: लोक सभा अध्यक्ष

...

सहयोग, सहमति और सामूहिकता की भावना से कल्याण कार्य संपन्न हों: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 'कंबल बैंक' का उद्घाटन किया

...

नई दिल्ली; 26 दिसम्बर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज राम मनोहर लोहिया अस्पताल में एक 'कंबल बैंक' का उद्घाटन किया।

इस मौके पर श्री बिरला ने जरूरतमंदों व गरीबों को कंबल बांटे। श्री बिरला ने कहा कि दिल्ली में भीषण ठंड होने के कारण हमारा दायित्व है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों की उचित देखभाल हो। उन्होंने आगे कहा कि जरूरतमंद लोगों के लिए यह कंबल भीषण सर्दी से बचाव का साधन बनेंगे।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर समाज के उत्थान, उन्नति और कल्याण के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि समाज सेवा सभी का नैतिक उत्तरदायित्व है। सामाजिक सेवा के सर्वांगीण लाभ के विषय में श्री बिरला ने कहा कि वृक्षारोपण, साफ-सफाई, नशा उन्मूलन, प्रौढ़ शिक्षा आदि जैसे कार्य; स्थानीय स्तर पर सहयोग; सहमति और सामूहिकता के बल पर किए जाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे कार्यों से गाँव, कस्बे और मोहल्ले की उन्नति होती है और समाज व राष्ट्र की भी उन्नति होती है।

'आओ साथ चलें' संस्था द्वारा शुरू किया गया यह कंबल बैंक गरीबों को मुफ्त में कंबल मुहैय्या कराता है। इस मौके पर संस्था के राष्ट्रीय संयोजक विष्णु मित्तल भी मौजूद रहे।